भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय भेड व ऊन अनुसंधान संस्थान
अविकानगर ,तहसील मालपुरा जिला टोंक

क्रमांकः रिव्यू कमेठी/2020/668 दिनांक 04.07.2020

परिपत्र

संस्थान के सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा संस्थान के भेडं एवं खरगोशों पर दिये जाने वाले फीड के संबंध में विचार विमर्श करने हेतु गठित समिति के सुझावों पर विचार करते हुए एवं वित्तीय दृष्टि के मध्यनजर सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिया गया :–

1. पशु पोषण विभाग एवं पशु शरीर क्रिया एवं जीव रसायन विभाग में लगभग 450 से 500 भेडें है। अतः अनुसंधान आवश्यकता के अनुसार भेडों की संख्या को कम किया जाए। साथ ही, दुम्बा भेडों के रख रखाव में बहुत अधिक खर्च आता है। अतः अनुसंधान आवश्यकता के अनुसार इसकी संख्या को भी सीमित किया जाए। संस्थान में अच्छे गुणवत्ता वाले जानवर (भेड/बकरी एवं खरगोश) की संख्या को आवश्यकता अनुसार न्यूनतम आधार पर सीमित किया जाए। साथ ही संस्थान के सभी सेक्टरों से नकारा/बीमार एवं अतिरिक्त जानवरों को तुरन्त प्रभाव से हटाया जाए।
2. संस्थान में संचालित विभिन्न प्रोजेक्टों जैसे – NWPSI प्रोजेक्ट, मेगा शीप सीड परियोजना, मगरा एवं मारवाडी परियोजना इत्यादी के जानवरों को फीड खिलाने का खर्चा प्रोजक्ट मद से ही वहन किया जावे।
3. संस्थान में करीब 10,000 क्विन्टल हरे चारे एवं 3,700 क्विन्टल सुखा चारा का उत्पादन किया जाता है। मानसून या जब हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है, उस समय जानवरों को फीड की मात्रा को सीमित किया जावे। प्रत्येक जानवर के लिए वर्ष में एक क्विन्टल फीड से अधिक नही लिया जाऐ। सेक्टरो पर प्रति भेड निर्धारित हिसाब से ही फीड की आपूर्ति की जावें। भेड को दिए जाने वाले सम्पूर्ण फीड का सम्पूर्ण रिकॉर्ड प्रभारी सेक्टर द्वारा रखा जाए। मांगदाता द्वारा फीड मांग पत्र जानवरों की संख्या के अनुसार ही फीड यूनिट को भेजी जाए, जिसमें फीड की प्रोग्रेसिव मात्रा अंकित हो। फीडिंग शिडूयल पशु पोषण विभाग की सिफारिश के अनुसार रखा जाए।
4. फीड यूनिट द्वारा मौसम के अनुसार खरीद सामग्री के उत्पादन के समय खरीदा जाए, जिससे खर्चा कम हो सके। मूंगफली की खल के स्थान पर सरसौ की खल का अधिक उपयोग करें।
5. खरगोश युनिट में खरगोशों की संख्या की बढोतरी को कम किया जाए।

अतः सभी संबंधित प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी से अनुरोध है कि सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा लिये गये उपरोक्त निर्णयों पर बिन्दुवार पालन कराने का श्रम करें।

यह सक्षम अधिकारी महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

नीरज 4/07/2020

(नीरज तॅवर)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपिः–

1. सभी विभाग/अनुभाग/प्रोजेक्ट पी.आई. एवं सभी सब स्टेशन को सूचनार्थ